बुधवार, 13 नवम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 32 – 22 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदय: 5:47 | सूर्यास्त: 16:53 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : रिश्तों में याद रखने और भूलने के बीच संतुलन की आवश्यकता होती है।



दीपिका के दो गोल, भारत ने दक्षिण कोरिया को 3–2 से मात दी

–पृष्ठ 8

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# दार्जिलिंग के युवा पीढ़ी को रोजगार योग्य बनाने के लिए चार कौशल केंद्र शुरू किए जाएंगे : ममता

## मुख्यमंत्री ने पहाड़ के समग्र विकास की घोषणा की

**दार्जिलिंग :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दार्जिलिंग निवासियों के समग्र विकास के लिए मंगलवार को कई परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने युवा पीढ़ी को रोजगार के योग्य बनाने के लिए चार 'कौशल केंद्र' शुरू करने की भी घोषणा की। इस दिन, रिचमंड हिल में दौरे के दूसरे दिन ममता ने जीटीए, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिला प्रशासन और विभिन्न विकास बोर्डों के चेयरमैन और चेयरमैन के साथ एक प्रशासनिक बैठक की। मुख्यमंत्री ने अगले एक से डेढ़ महीने में सभी विकास बोर्डों को पुनर्गठित करने के साथ-साथ उन सभी बोर्डों का ऑडिट करने और परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी के लिए एक 'मॉनिटरिंग सेल' बनाने के निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि



जीटीए के मुख्य कार्यकारी अनित थापा को सेल का चेयरमैन बनाया

जाएगा। जबकि, मिरिक नगरपालिका के प्रशासक व हिल तृणमूल के चेयरमैन एलबी राय को उपचेयरमैन बनाया जायेगा। इसके अलावा, निगरानी समिति में दो जिलों के जिलाधिकारियों को रखा जाएगा। ममता ने कहा कि विकास बोर्ड का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जीटीए अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी सहित विभिन्न विकास बोर्ड के सदस्यों से सुझाव मांगे गए हैं। अगले डेढ़ माह में काम पूरा हो जाएगा। तब तक काम इसी तरह चलता रहेगा। अनित (थापा) जो जीटीए के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, उन्हें उस सेल का चेयरमैन बनाया जाएगा। वहीं, एलबी राय उपाचेयरमैन होंगे। उन्होंने यातायात की समस्या के समाधान के लिए आधुनिक पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण की अनुमति दी। कॉम्प्लेक्स की दो मंजिलें स्वयं सहायता समूहों के लिए आवंटित की जाएंगी। ममता ने तकनीकी कौशल बढ़ाने के लिए पहाड़ों में चार संस्थान खोलने की भी घोषणा की। उन सभी संस्थानों में पहाड़ के युवक-युवतियों को तीन महीने की तकनीकी शिक्षा के बाद अलग-अलग जगहों पर नौकरी के अवसर मिलेंगे। उन्होंने चाय बागान श्रमिकों को अधिक पट्टा देने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में एक एकड़ जमीन खोजने को कहा गया है। अधिकांश मामलों में यह पूर्ण है। पीपीई मॉडल में बहुमंजिला निर्माण होगा। बाजार, पार्किंग, सिनेमा हॉल होंगे। सेल्फ कैटरिंग के लिए दो मंजिलें होंगी। वे वहां अपनी उपज फैलाकर बैठेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी 18-19 नवंबर को ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16-21 नवंबर तक तीन देशों की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील भी जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के कई नेताओं से मुलाकात की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-19 नवंबर को रियो डी जेनेरियो का दौरा करेंगे।

# विधानसभा उपचुनाव : आज छह सीटों पर मतदान, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के छह विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को होने वाले उपचुनाव के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कड़ी निगरानी में और सौ प्रतिशत वेबकास्टिंग के तहत कराया जाएगा। इन उपचुनावों में जिन छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे उनमें कूचबिहार जिले का सिताई, अलीपुरद्वार का मदारीहाट, बांकुड़ा का तालडांगरा, पश्चिम मेदिनीपुर का मेदिनीपुर और उत्तर 24 परगना जिले के हरोआ और नैहाटी शामिल हैं। इन सभी सीटों पर उपचुनाव इसलिए हो रहे हैं क्योंकि यहां के पूर्व विधायक इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए हैं। बता दें कि 2021 के विधानसभा चुनाव में, मदारीहाट को छोड़कर अन्य पांच सीटों पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी, जबकि मदारीहाट में भाजपा उम्मीदवार विजयी रहे थे। इस बार के उपचुनावों के लिए 108 कंपनी सीएपीएफ की तैनाती की गई है, जो कि पहले तैनात की गई 89 कंपनियों से काफी अधिक है। तैनात बलों में 40 कंपनियां सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), 29 कंपनियां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), 12 कंपनियां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), 14 कंपनियां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और 13 कंपनियां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) शामिल हैं। इन सीटों के लिए मतगणना 23 नवंबर को होगी। इस बार, उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस, भाजपा, वाम मोर्चा और उसके सहयोगी तथा कांग्रेस के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा क्योंकि 2016 से वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था नहीं रही है।

# आरजीकर दुष्कर्म-हत्या मामला : आरोपित संजय राय की दोहरी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेशी

- **प्रिजन वैन की खिड़की पर लगे हुए थे काले कांच**
- **पुलिस की पांच गाड़ियों में दो डमी गाड़िया भी थीं**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी के मामले में गिरफ्तार आरोपित संजय राय को मंगलवार को दोहरी सुरक्षा के बीच सियालदह कोर्ट में पेश किया गया। इस दिन, सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी ताकि वह पत्रकारों के सामने किसी तरह की बात न कर सके। दरअसल, सोमवार को अदालत में सुनवाई के बाद वापस कैदियों के वैन में चढ़ाए जाते वक्त संजय ने चीखते हुए खुद को फिर निर्दोष बताया। उसने कहा कि घटना के समय कोलकाता पुलिस के आयुक्त रहे विनीत गोयल और कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग के विशेष उपायुक्त ने साजिश करके उसे मामले में फंसाया है। राज्य सरकार ने भी उनका समर्थन किया है। माना जा रहा है कि इस घटना के बाद ही पुलिस मुख्यालय लालबाजार सतर्क हो गया है। घटना से सीख लेते हुए पुलिस ने संजय को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रेसिडेंसी जेल से सियालदह कोर्ट में पेश किया। प्रिजन वैन की खिड़की पर काले कांच लगे हुए थे। पुलिस की पांच गाड़ियों में दो डमी गाड़ियां भी थीं ताकि कोई अंदाजा नहीं लगे सके कि संजय किस वाहन में है। इसके अलावा, अदालत परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती थी।

**निचली अदालत में दो प्रत्यक्षदर्शियों ने दी गवाही**

मंगलवार को दो गवाहों ने गवाही दी। सूत्रों ने बताया कि दो गवाहों से पूछताछ के बाद मामले में कुल गवाहों की संख्या चार हो गई है। सूत्रों ने बताया कि आज अदालत में दो और गवाहों के बयान दर्ज किये जाएंगे।

# ईडी ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल में छापे मारे



**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बांग्लादेशी नागरिकों की कथित अवैध घुसपैठ से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल और चुनावी राज्य झारखंड में मंगलवार को कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी के झारखंड कार्यालय के अधिकारी राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले दोनों पड़ोसी राज्यों में कुल 17 स्थानों पर तलाशी ले रहे हैं। मीडिया में आयी तस्वीरों में रांची में बरियातु रोड पर स्थित एक होटल और शहर में एक रिजॉर्ट के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मी तैनात दिखे। ईडी के दल अंदर दस्तावेज, बही-खातों और वित्तीय रिकार्ड की जांच कर रहे थे। एजेंसी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर अपराह्न करीब तीन बजे एक बयान जारी कर कहा कि उसने छापेमारी के दौरान फर्जी आधार कार्ड, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, आधार में जालसाजी के लिए इस्तेमाल किए गए प्रिंटिंग पेपर और मशीनें तथा खाली प्रोफार्मा जैसी आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं। एजेंसी ने कहा कि तलाशी जारी है और उक्त पोस्ट के साथ इन बरामदगी की तस्वीरें भी संलग्न की गई हैं। ईडी ने झारखंड में कुछ बांग्लादेशी महिलाओं की कथित घुसपैठ और तस्करी के एक मामले की जांच के लिए धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत सितंबर में एक मामला दर्ज किया था। ऐसा आरोप है कि घुसपैठ और तस्करी से आपराधिक आय अर्जित की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं ने हाल में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान राज्य सरकार पर ऐसी घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है जिससे आदिवासी बहुल संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों के जनसांख्यिकीय परिदृश्य में बदलाव आया है।

# सरकार ने सीआईएसएफ में पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने अति विशिष्ट व्यक्तियों, हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बल की बढ़ती तैनाती को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में 1,000 से अधिक कर्मियों वाली पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इस इकाई का गठन बल की स्वीकृत पदों में से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह एक मंजूरी आदेश जारी किया, जिसमें एक वरिष्ठ कमांडेंट रैंक अधिकारी के नेतृत्व में कुल 1,025 कर्मियों के साथ विशेष महिला रिजर्व इकाई को मंजूरी दी गई। बल में महिला कर्मियों की संख्या सात प्रतिशत से अधिक है। बल में कर्मियों की वर्तमान संख्या लगभग 1.80 लाख है। बल के प्रवक्ता ने बताया कि नयी रिजर्व बटालियन की तैनाती के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया, यह प्रशिक्षण विशेष रूप से एक विशिष्ट बटालियन तैयार करने के लिए शुरू किया जा रहा है। यह इकाई वीआईपी सुरक्षा के साथ-साथ हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो आदि की सुरक्षा में कमांडो के रूप में बहुविध भूमिका निभाने में सक्षम होगी। गठित होने के बाद यह सीआईएसएफ की पहली महिला रिजर्व बटालियन होगी। वर्तमान में सीआईएसएफ में 12 रिजर्व बटालियन हैं जिनमें पुरुष तथा महिला दोनों शामिल हैं।

# शीर्ष कोर्ट में तत्काल सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख पर रोक, सीजेआई खन्ना का ईमेल या लिखित पत्र भेजने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने अब मामलों की तत्काल लिस्टिंग और सुनवाई के लिए कोई मौखिक उल्लेख पर रोक लगाने का आदेश किया है। सीजेआई के इस निर्णय के बाद अब वकीलों को इसके लिए ईमेल या लिखित पत्र भेजने होंगे। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अब तात्काल कार्रवाई में मौखिक प्रस्तुतियां स्वीकार नहीं होंगी। सिर्फ ईमेल या लिखित पर्ची के जरिये ही ऐसा किया जा सकेगा।



**वकीलों को बताना होगा कारण**

सीजेआई के इस आदेश के बाद वकील अपनी मांगों को ईमेल या लिखित आवेदन के माध्यम से भेजेंगे। जिसमें वे बताएंगे कि आखिर उनके मामले को क्यों तुरंत सुना जाना चाहिए। बता दें कि यह बदलाव पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ द्वारा शुरू की गई प्रणाली का हिस्सा है जो मौखिक उल्लेखों को सुनते थे।

हालांकि यह प्रथा बहुत समय लेती थी और अक्सर न्यायिक समय का आधा घंटा खर्च होता था, जिससे बड़े आरोपी और वरिष्ठ अधिवक्ताओं को फायदा होता था क्योंकि वे बारी से पहले ही मामलों की सुनवाई सुनिश्चित कर सकते थे।

**वकीलों की प्रतिक्रिया**

सीजेआई के इस निर्णय के बाद इस मामले पर वकिलों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी है। जहां कुछ लोग इस कदम को सकारात्मक मानते हुए इसे न्यायिक समय की बचत करने वाला बताते हैं जबकि कुछ का मानना है कि अत्यंत आवश्यक मामलों में मौखिक उल्लेख की प्रथा जारी रहनी चाहिए।

# डेमचोक-देपसांग में भारत और चीन की सेनाएं हफ्ते में एक बार गश्त करेंगी

**नयी दिल्ली :** भारत और चीन की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग इलाकों में हर हफ्ते एक समन्वित गश्त करने पर सहमति जताई है और वहां गश्त का एक दौर पहले ही पूरा कर लिया है। अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में डेमचोक और देपसांग दोनों में सैनिकों की वापसी पूरी करने के बाद दोनों पक्षों ने महीने के पहले हफ्ते में समन्वित गश्त शुरू की थी। दोनों पक्षों ने देपसांग और देपसांग में हर हफ्ते एक-एक गश्त करने पर सहमति जताई है।

# भारत ने लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने मंगलवार को ओडिशा तट के निकट एकीकृत परीक्षण रेंज से लंबी दूरी की जमीन पर मार करने वाले क्रूज मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण के दौरान, सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और प्राथमिक मिशन के उद्देश्यों को पूरा किया। इसमें कहा गया कि मिसाइल ने मार्ग लक्ष्य नौवहन का प्रयोग करते हुए वांछित पथ का अनुसरण किया और विभिन्न ऊंचाइयों और गति पर उड़ान भरते हुए विभिन्न प्रकार के युक्तिचालन करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी सुसज्जित है। मंत्रालय ने कहा, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक सचल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का पहला उड़ान परीक्षण किया। उसने कहा कि उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी, आईटीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रथम उड़ान के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह भविष्य के स्वदेशी क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रमों का मार्ग प्रशस्त करता है।

# कांग्रेस के 'शाही परिवार' की मानसिकता है कि उसका जन्म देश पर राज करने के लिए ही हुआ : मोदी

**चिमूर (महाराष्ट्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस आरक्षण से चिढ़ती है और उसके 'शाही परिवार' की हमेशा से मानसिकता रही है कि उसका जन्म देश पर शासन करने के लिए ही हुआ है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चिमूर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''यही कारण है कि आजादी के बाद कांग्रेस ने दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को कभी प्रगति नहीं करने दी।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस आरक्षण (के विषय) से चिढ़ती है। 1980 के दशक में राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी द्वारा एक विज्ञापन प्रकाशित कर दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को मिले विशेष अधिकारों पर सवाल उठाए गए थे।''



मोदी ने कहा कि यह पुराना विज्ञापन सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के आरक्षण विरोधी रवैये को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी समाज की जनसंख्या करीब 10 प्रतिशत के आसपास है और कांग्रेस अब आदिवासी समाज को जातियों में बांटकर कमजोर करना चाहती है।






## गंगा फिर भी मैली

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी को हमें एक गंभीर चेतावनी के रूप में लेना होगा, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है। कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा की यह हालत करने के गुनहगार? विडंबना देखिये कि तमाम सख्ती के बावजूद सैकड़ों खुले नाले गंगा में गंदा पानी गिरा रहे हैं। तमाम उद्योगों का अपशिष्ट पानी अनेक जगह गंगा में गिराया जा रहा है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' शुरू किया गया था। बताया जाता है कि अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। सिर्फ सरकारी प्रयास काफी नहीं हैं।

दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य शृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में अघुलनशील कचरा व अन्य अपशिष्ट डालने से रोकने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। यदि जागरूकता व प्रेरित करने से बात नहीं बनती तो इसके लिये जुर्माने का प्रावधान भी होना चाहिए। साथ ही गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। एक बात तो तय है कि सरकार के साथ जब समाज की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, गंगा का साफ होना असंभव जैसा हो जाएगा। गंगा सिर्फ बहती नदी नहीं है हमारे पुरखों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। गंगा मुक्तिकामी भी है। जीवनदायिनी भी है। ऐसे में केंद्र सरकार की नमामि गंगा परियोजना में राज्यों की भागीदारी और जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए। साथ ही स्वच्छता परियोजना की निरंतर निगरानी की जानी भी जरूरी है ताकि प्रयासों का स्थायी लाभ गंगा को स्वच्छ बनाने में मिल सके। सही मायनों में आज गंगा के उद्धार के लिये हर भारतीय को भगीरथ जैसा दायित्व निभाना होगा। तभी सदियों से अविरल बह रही जीवनदायी गंगा की प्रतिष्ठा भी फिर से स्थापित हो सकेगी। फिर एनजीटी को यह न कहना पड़ेगा कि फलां जगह का गंगाजल आचमन करने लायक नहीं रह गया है।

# गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा



ललित गर्ग

गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है।

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा



को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है।

गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है।

दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य शृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है।

'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं। सरकार के प्रयासों से गंगा के तटों का सौन्दर्यकरण भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। मोदी सरकार ने एक सराहनीय पहल करके स्वच्छ गंगा कोष की स्थापना की है, जिसमें स्थानीय नागरिक व भारतीय मूल के विदेशी व्यक्ति और संस्थाएं आर्थिक, तकनीकी व अन्य सहयोग कर सकते हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें मिली विभिन्न भेंटों व स्मृति चिह्नों की नीलामी से प्राप्त 16 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि इसी कोष में दी है।

यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिराने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन ताजा स्थितियां एवं गंगा का प्रदूषण बताता है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है? नीतियों और योजनाओं के बरक्स उन पर अमल की यह तस्वीर राजनीति इच्छाशक्ति एवं प्रशासनिक लापरवाही को ही दर्शाती है। अन्यथा क्या कारण है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने के क्रम में सबसे ज्यादा जोर गंगा को स्वच्छ बनाने पर ही दिया गया, मगर इसका हासिल आज भी संतोषजनक नहीं है। सही मायनों में आज गंगा के उद्धार के लिये सरकार के साथ-साथ हर भारतीय को भगीरथ जैसा दायित्व निभाना होगा। तभी सदियों से अविरल बह रही जीवनदायी गंगा की प्रतिष्ठा एवं पवित्रता भी फिर से स्थापित हो सकेगी। फिर एनजीटी को यह न कहना पड़ेगा कि फलां जगह का गंगाजल आचमन करने लायक नहीं रह गया है।

## विदेश की खबरें

### चीन में कार भीड़ में घुसी: 35 लोगों की मौत, 43 अन्य घायल

**बीजिंग/झुआई :** दक्षिणी चीनी शहर झुहाई में एक भीषण कार हादसे में 35 लोगों की मौत हो गयी और 43 अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब 62 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी कार से एक खेल परिसर में व्यायाम कर रहे लोगों को रौंद दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। झुहाई शहर में ही इस समय देश का प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एयर शो चल रहा है। स्थानीय पुलिस ने इसे ''बड़ी क्रूर घटना'' करार दिया। आधिकारिक मीडिया ने मंगलवार को पुलिस के हवाले से बताया कि यह घटना सोमवार स्थानीय समयानुसार शाम 7:48 बजे के आसपास तब हुई जब लोग खेल केंद्र में व्यायाम कर रहे थे। चेन नामक एक प्रत्यक्षदर्शी ने चीनी समाचार पत्रिका कैक्सिन को बताया कि सोमवार को जब यह घटना घटी, तब कम से कम छह समूह नियमित सैर के लिए स्टेडियम में थे। उन्होंने बताया कि उनके समूह ने स्टेडियम के चारों ओर अपना तीसरा चक्कर पूरा किया ही था कि अचानक एक तेज गति से आती कार उनकी ओर बढ़ी और ''कई लोगों को रौंद दिया।'' बीबीसी की खबर के मुताबिक एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने कैक्सिन को बताया, ''कार ने गोलाकार में दौड़ी और वहां सभी क्षेत्रों पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर में लोग घायल हो गए।'' घायलों में कई बुजुर्ग, किशोर और बच्चे भी शामिल हैं। बीबीसी ने बताया कि उसके संवाददाताओं को मंगलवार को स्टेडियम से रिपोर्टिंग करते समय फिल्मांकन बंद करने को कहा गया। पुलिस ने बताया कि हमलावर की पहचान फैन के रूप में हुई है और सुरक्षाकर्मियों ने मौके से भागने की कोशिश कर रहे फैन को तत्काल पकड़ लिया। घटना के बाद जवाबी कार्रवाई करने वाले अधिकारियों ने बताया कि फैन अपनी गाड़ी में चाकू से खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने तुरंत उसे पकड़ा और अस्पताल भेजा। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय पुलिस ब्यूरो के हवाले से बताया कि फैन का अब भी इलाज किया जा रहा है क्योंकि उसके गर्दन और अन्य हिस्सों में गंभीर चोटों आई हैं और वह बेहोश है। उसने बताया कि आरोपी पुलिस पूछताछ के लिए अभी स्वस्थ नहीं है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक फैन ने यह कदम तलाक के बाद संपत्ति के बंटवारे से नाराज होकर उठाया। पुलिस अधिकारियों ने फैन के खिलाफ खतरनाक तरीकों से जन सुरक्षा को खतरे में डालने के संदेह में मामला दर्ज किया है और उसे हिरासत में रखा गया है। मामले की आगे की जांच और घायलों के इलाज जारी है।

### कनाडा में हिंदू मंदिर ने खतरों को देखते हुए वाणिज्य दूतावास संबंधी कार्यक्रम रद्द किया

**ओटावा :** कनाडा के ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर ने प्रस्तावित भारतीय वाणिज्य शिविर कार्यक्रम रद्द कर दिया है, क्योंकि कनाडाई पुलिस ने उन्हें हिंसक विरोध प्रदर्शनों के अत्यंत उच्च और आसन्न खतरे को लेकर आगाह किया था। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित जीवन प्रमाण पत्र कार्यक्रम 17 नवंबर को मंदिर परिसर में आयोजित किया जाना था। यह पेंशन उद्देश्यों के मकसद से जीवन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित कई शिविरों की श्रृंखला के तहत था। सोमवार को मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम को पील क्षेत्रीय पुलिस से मिली आधिकारिक खुफिया जानकारी के कारण रद्द कर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि हिंसक विरोध प्रदर्शन का अत्यधिक उच्च और आसन्न खतरा है। मंदिर पदाधिकारियों ने एक बयान में कहा, ... हमें ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर के भक्तों, समुदाय के आगंतुकों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम को रद्द करने का उचित निर्णय लेना चाहिए। मंदिर प्राधिकारियों ने मंदिर के विरुद्ध प्रसारित की जा रही धमकियों पर पील पुलिस से ध्यान देने तथा कनाडाई हिन्दू समुदाय और आम जनता को सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने का आग्रह किया।

### ब्रिटेन ने भारत की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के दावे का समर्थन दोहराया

**लंदन :** ब्रिटेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन दोहराया है। भारत सहित तमाम देश सुरक्षा परिषद की विस्तार की मांग कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह निकाय दुनिया के समक्ष मौजूद चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सके। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्ण अधिवेशन को सोमवार को संबोधित करते हुए महासभा में ब्रिटेन के राजदूत आर्ची यंग ने प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के सितंबर में यूएनजीए (संयुक्त राष्ट्र आमसभा)में दिए गए बयान को दोहराया जिसमें उन्होंने वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली को ''अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और अधिक उत्तरदायी'' बनाने के लिए यूएनएससी सुधारों का आह्वान किया था। यंग ने कहा कि ब्रिटेन चाहता है कि भारत के अफ्रीका, ब्राजील, जर्मनी और जापान को भी स्थायी प्रतिनिधित्व मिले। उन्होंने कहा, ''ब्रिटेन का मानना है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रति सामूहिक, नवीनीकृत प्रतिबद्धता के साथ-साथ सुरक्षा परिषद में सुधार उसे मजबूत बनाएगी, ताकि यह दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करना जारी रख सके; यही कारण है कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार के प्रबल समर्थक हैं। आज की दुनिया को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए परिषद का विस्तार किया जाना चाहिए।''

### सीओपी29 से भारत की उम्मीदें: समानता, वित्त और अनुकूलन पर ध्यान केंद्रित करें

**बाकू (अजरबैजान) :** विकासशील देशों की विशिष्ट आवश्यकताओं का सम्मान करते हुए सीओपी29 से अपनी प्रमुख अपेक्षाओं को रेखांकित करते हुए भारत ने मंगलवार को कहा कि वह ''व्यापार में बाधाएं पैदा किए बिना'' कार्बन बाजार तंत्र और नए लक्ष्यों के तहत जलवायु वित्त के पुनर्मूल्यांकन की उम्मीद कर रहा है। भारत और 190 से अधिक अन्य देशों के प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संधि ढांचे (यूएनएफसीसी) के तहत वार्षिक जलवायु वार्ता 'सीओपी 29' के लिए अजरबैजान की राजधानी बाकू में एकत्र हुए हैं। भारत के दृष्टिकोण को सामने रखते हुए आधिकारिक सूत्रों ने साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों (सीबीडीआर) के सिद्धांत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से उत्सर्जक रहे विकसित देशों को शमन प्रयासों एवं जलवायु वित्त पोषण में अगुवाई करनी चाहिए। सीओपी29 में भारत की प्राथमिकताओं में विकासशील देशों को विशेष रूप से अनुकूलन प्रयासों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा सभी जलवायु वार्ताओं में निष्पक्ष और न्यायसंगत दृष्टिकोण सुनिश्चित करना शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि भारत की प्राथमिक अपेक्षाओं में से एक नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (एनसीक्यूजी) के तहत जलवायु वित्त का पुनर्निर्धारण है।

### बेरूत के उपनगरीय इलाकों में इजराइली हमला, गाजा में 14 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल बलाह :** इजराइल द्वारा गाजा में एक भोजनालय और एक घर को निशाना बनाकर किये गये हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी। चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने मंगलवार को लेबनान में कई घरों को खाली करने का आदेश दिया था, जिसके बाद युद्धक विमानों ने राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किया। इस बीच आठ अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियों के एक समूह ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि इजराइल अमेरिकी मांगों को पूरा करने में विफल रहा है। इजराइली सेना ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में 11 घरों को खाली करने का आदेश जारी किया था, जिसके कुछ देर बाद ये इलाके विस्फोटों से दहल गये। कहा जाता है कि इस क्षेत्र में हिज्बुल्ला की उपस्थिति ज्यादा थी। हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई। सेना ने बताया कि इन घरों में हिज्बुल्ला के ठिकाने थे लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। लेबनानी नागरिक सुरक्षा ने बताया कि सोमवार देर रात उत्तरी लेबनान के ऐन याकूब गांव में हमला हुआ, जिसमें कम से कम 16 लोग मारे गए। उसने बताया कि मारे गए लोगों में चार सीरियाई शरणार्थी थे और हमले में 10 अन्य लोग घायल हुए। हमले पर इजराइली सेना की तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। वहीं सोमवार देर रात मुवासी में विस्थापित लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अस्थायी भोजनालय को इजराइली हमले में निशाना बनाया गया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 नवम्बर, बुधवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष द्वादशी, 12:59 तक, नक्षत्र : रेवती, 04:57 तक, योग : वज्र, 15:18 तक, सूर्योदय: 5:47, सूर्यास्त: 16:53 चन्द्रोदय : 14:52, चन्द्रास्त: 02:45, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 11:20 से 12:42

## राशिफल

**मेष :** आज आपको दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस, अपच की समस्या हो सकती है। स्वयं के नियमों और सिद्धान्तों की खुद ही अवहेलना न करें। धन सम्बन्धी परेशानियों में घिरे रहेंगे।

**वृष :** आज व्यापार में आ रही बाधाओं को दूर कर लेंगे। आपका पराक्रम बढ़ेगा। प्रेम सम्बन्धों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है।

**मिथुन :** आज पेट संबंधी कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे ग्राहक मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क :** आज जीवनसाथी नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपञ्चों से आपको दूर रहना चाहिये। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी।

**सिंह :** आज गुप्त विद्याओं के लेकर आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो, उसे बिल्कुल न करें। मित्रता गहरी होगी। शंकालु प्रवृत्ति से दूर रहें।

**कन्या :** आज सरकारी नौकरी में कार्यभार ज्यादा रहेगा। सन्तान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से कारोबार में शानदार सफलता मिलेगी।

**तुला :** आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे। आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** आज कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम रखें। समाज में आपका रूतबा, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा रहेगी।

**धनु :** आज ऑफिस में आपके प्रदर्शन की प्रशन्सा होगी। युवा जातकों के नौकरी के प्रयास सफल रहेंगे। अधिकारियों से वेतन वृद्धि के लिए निवेदन कर सकते हैं।

**मकर :** आज अपने काम में पारदर्शिता रखें। जरूरी वस्तुओं को सम्भाल कर रखें। कारोबार में नगद रकम की समस्या दूर होने की सम्भावना है। टेक्नालॉजी क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा।

**कुम्भ :** आज आपकी कलात्मक पक्ष का विकास होगा। योग व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। आप अपनी समस्याओं का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे।

**मीन :** आज आपकी प्रतिभा को लोग पहचानने लगेंगे।आपको सम्मान मिलेगा। अपनी उपलब्धियों का बखान न करें। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 2915

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| | ■ | ■ | | ■ | 22 | 23 | | ■ | |
| | ■ | 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) इच्छापूर्ति कामना; मनौती, 3) ख़ाली; बस इतना, 6) जादूगर, 8) तमाचा, 9) प्रकार; भाँति, 11) समस्या का समाधान, 12) मिट्टी; धूल, 13) गहन *(वन)*; गाढ़ा, 14) चट्टानी; प्रस्तरमय, 16) सूर्योदय देश का एक स्थानीय नाम, 17) गुट; समूह *(राजनीतिक)*; वृंद, 18) भोगविलास, 19) स्वादप्रेमी; भोजनप्रेमी, 20) अपराध, 22) साहित्यिक कृति, 24) सत्याग्रह; *पिकेटिंग*; पकड़ना, 26) शीतला; चेचक; अम्मा, 27) ऐरा गैरा; साधारण; औसत, 28) रौनक.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) अंतरावधि; *इंटरवल*, 2) बरबाद, 3) भारत का एक घटक राज्य, 4) गीला; भींगा हुआ, 5) सिर-भुजा-चरण हीन शरीर; तना *(वृक्ष)*, 7) आभूषण, 10) चंद्रमा, 13) अक़्ल का मारा; आवारा; मूर्ख, 14) क्षण, 15) मोहित होना, 17) झिरी; विभाजन; अलगाव, 18) महत्त्वहीन, 20) गुणित, 21) चक्का जाम; कामबंदी; *स्ट्राइक*, 23) एक पादत्राण, 24) संतुष्ट; सफल, 25) नृत्य, 26) चंद्रमा; महीना.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | नि | क | ■ | न | ट | ना | ■ | रो | ष |
| ■ | ■ | ल | ल | का | र | ■ | भो | जा | ■ |
| ज | र | दा | ■ | र | ट | ना | ■ | ना | म |
| ब | ■ | र | ज | ■ | रा | श | न | ■ | हा |
| त | ■ | ■ | ह | ट | ना | ■ | य | व | न |
| ब | द | ना | म | ■ | ■ | आ | न | न | ■ |
| ■ | बं | ■ | त | ज | वी | ज | ■ | र | क्षा |
| अ | ग | ला | ■ | नि | ■ | क | टा | क्ष | ■ |
| च्छा | ■ | गू | ■ | ता | मी | ल | ■ | क | म |

## सुडोकू-पहेली-2875

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2 | 6 |
| | | | | 8 | | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | | 6 | | | 7 | | |
| 3 | | | | | | | 8 | |
| | | | | 2 | | | | |
| | | | 7 | | 3 | 1 | | |
| | 4 | 2 | | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2874 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 4 |
| 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 8 | 7 | 2 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 7 | 8 | 5 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 |

# सड़क हादसे में चौथी कक्षा के छात्र की मौत पर रणक्षेत्र बना साल्टलेक, बस में तोड़फोड़ व सड़क जाम

- ❑ मुख्यमंत्री ममता ने जताया दुख, परिवहन मंत्री को फोन कर दिए सख्त निर्देश
- ❑ 14 नवंबर को परिवहन मंत्री ने बुलाई बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में मंगलवार को सड़क हादसे में चौथी कक्षा के एक छात्र की मौत के बाद साल्टलेक इलाका रणक्षेत्र बन गया। वहीं, उत्तर बंगाल के दौरे पर गई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उक्त हादसे पर दुख प्रकट करते हुए राज्य के परिवहन मंत्री को फोन कर जरूरी निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 10.30 बजे चौथी कक्षा के एक छात्र को स्कूल से लौटते समय साल्टलेक के गेट नंबर दो के सामने दो बसों की रेस के कारण हुए हादसे में एक बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे बच्चा सड़क पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया, बसों में तोड़फोड़ की और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक बच्चे का नाम आयुष पाइक (11) है। वह केष्टोपुर के एक स्कूल में पढ़ाई करता था। बताया गया है कि वह अपनी मां के साथ स्कूटी पर स्कूल से लौट रहा था। रास्ते में दो बसें साल्टलेक-हावड़ा रूट पर तेज गति से एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रही थीं। इसी दौरान, एक बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे बच्चा सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। हादसे में घायल मां को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। बसों में तोड़फोड़ की गई और पुलिस को मौके पर आकर लोगों को शांत कराने के लिए बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा। दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद, परिवहन मंत्री ने 14 नवंबर को साल्टलेक में बैठक बुलाई है। बैठक में स्नेहाशीष चक्रवर्ती के साथ मंत्री फिरहाद हकीम भी मौजूद रहेंगे। राज्य पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, कोलकाता पुलिस सीपी मनोज वर्मा और बिधाननगर सीपी सहित विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहेंगे। इसमें निजी बस-मिनीबस संगठनों, विभिन्न सरकारी परिवहन एजेंसियों के प्रतिनिधि भी होंगे।

## सागर दत्त अस्पताल में सीनियर डॉक्टरों की पिटाई, हाईकोर्ट ने तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** सागर दत्त मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों पर धमकी संस्कृति का आरोप लगा है। वरिष्ठ डॉक्टरों के एक समूह ने शिकायत की कि उन्हें परेशान किया जा रहा है और धमकी भी दी जा रही है। उस संदर्भ में कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया था। इस मामले की सुनवाई में जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने मंगलवार को रिपोर्ट तलब की। यह रिपोर्ट 19 नवंबर को सौंपी जानी है। सागर दत्त छात्र आंदोलन को लेकर बवाल मच गया। घटना वाले दिन कॉलेज के प्रिंसिपल छात्रों के साथ मीटिंग में बैठे थे। कथित तौर पर इस बैठक के दौरान कई छात्र आए और कमरे के बाहर चढ़कर अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। बैठक में मौजूद छात्रों ने तुरंत दरवाजा बंद कर लिया और उग्र हो गए। आंदोलनकारी छात्रों का आरोप है कि हमला बाहरी लोगों ने किया है। बाद में, पुलिस ने जाकर स्थिति संभाली। केस दर्ज कराने वाले सीनियर डॉक्टरों के मुताबिक इस हमले में तृणमूल के करीबी जूनियर डॉक्टर शामिल हैं। वे लगातार धमकी दे रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत एंटी बैगिंग कमेटी से की। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वरिष्ठ डॉक्टरों ने अंततः कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/617, दिनांक 11.11.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3371; कार्य का नाम:** (1) हावड़ा में नए मंडल रेल प्रबंधक के भवन की संबंधित विद्युत वितरण प्रणाली के विकास के साथ एयरकंडीशनिंग की व्यवस्था। (2) हावड़ा मंडल के विभिन्न स्थानों पर एयरकंडीशनिंग प्रणाली एवं वाटर कूलर का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 5,93,00,694/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 4,46,500; **समापन अवधि:** 120 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-411/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **सीनि. डीईएन/2/हावड़ा। ई-निविदा सं. 250_2024-25, दिनांक 08.11.2024. कार्य का विवरण:** बर्द्धमान-सीनि. डीईएन (2)/हावड़ा के अधीन बर्द्धमान गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 4,33,97,486.21; **बयाना राशि:** रु. 3,67,000। **समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.11.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-413/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सुरक्षा की मांग करते हुए अर्जुन सिंह ने अब खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर के पूर्व सांसद व भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने राज्य खुफिया एजेंसी सीआईडी के मामले में सुरक्षा की मांग करते हुए मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया। सोमवार को हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश से उन्हें कुछ राहत मिली थी। नैहाटी विधानसभा उपचुनाव बुधवार को है। इससे पहले सीआईडी ने अर्जुन को मंगलवार को भवानी भवन बुलाया था। एकल पीठ ने कहा कि उन्हें गुरुवार को तलब किया जाएगा। यानी उपचुनाव से पहले अर्जुन को सीआईडी का सामना नहीं करना पड़ेगा। एकल पीठ ने मौखिक रूप से यह भी कहा कि उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा सकती। लेकिन कोई तारीख नहीं बताई गई है। ऐसे में अर्जुन ने सुरक्षा की गुहार लेकर हाईकोर्ट की बड़ी बेंच का दरवाजा खटखटाया है। हाईकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष की एकल पीठ के समक्ष मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को है। लेकिन उस समय तक अर्जुन विशेष रूप से कानूनी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। भाजपा नेता के वकील ने कहा कि एकल पीठ के आदेश पर कोई आपत्ति नहीं है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक उनके मुवक्किल पेश होंगे। लेकिन वकील ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई तक सुरक्षा नहीं दी गई। उनकी गुजारिश है कि अर्जुन को अगली सुनवाई तक सुरक्षा दी जाए। हाईकोर्ट के जस्टिस हरीश टंडन और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की बेंच ने याचिका दाखिल करने की इजाजत दे दी। मामले की सुनवाई आज होने की संभावना है।

## वरिष्ठ वामपंथी नेता विमान बोस की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ सीपीएम नेता विमान बोस को सोमवार की रात अचानक तेज बुखार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के एक अधिकारी के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टर मंगलवार को जांच करेंगे कि बुखार का कारण कोई संक्रमण तो नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विमान बोस दक्षिण दिनाजपुर में पार्टी कार्यक्रम के बाद वापस लौट रहे थे, तभी उनकी तबीयत खराब होने लगी। सोमवार सुबह जब वह सियालदह स्टेशन पर उतरे, तब तक उनकी हालत बिगड़ चुकी थी। सीपीएम के पूर्व राज्य सचिव सूर्यकांत मिश्रा, जो खुद एक चिकित्सक हैं, ने अलीमुद्दीन स्ट्रीट पर उनसे मुलाकात की। शाम तक बुखार न उतरने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया गया। बताया जा रहा है कि शुरुआत में विमान बोस अस्पताल जाने को तैयार नहीं थे और अलीमुद्दीन स्ट्रीट के पार्टी दफ्तर में ही इलाज करवाना चाहते थे। लेकिन काफी समझाने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम और अन्य नेता उनसे मिलने पहुंचे। सीपीएम नेता सलीम ने मंगलवार को जानकारी दी कि विमान बोस का बुखार कम नहीं हो रहा था, इसलिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मंगलवार को डॉक्टरों की टीम उनकी जांच की है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की सुबह विमान बोस ने चाय पी और अखबार पढ़ा। इसके बाद, हल्का नाश्ता भी किया, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं।

## नगरपालिका नियुक्ति भ्रष्टाचार : सीबीआई ने राणाघाट के भाजपा विधायक को किया तलब




**कोलकाता, समाज्ञा :** पालिका में भर्तियों में भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा विधायक सीबीआई की नजर पर है। राणाघाट विधायक पार्थसारथी चट्टोपाध्याय को केंद्रीय जांच एजेंसी ने तलब किया है। खबर है कि उन्हें अगले शुक्रवार सुबह पेश होने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने पहले उनके घर की तलाशी ली। सीबीआई लंबे समय से भर्ती भ्रष्टाचार की गुत्थी सुलझाने की जी तोड़ कोशिश कर रही है। राज्य की कई नगर पालिकाओं की समय-समय पर खोजबीन की गई है। कई दस्तावेज जब्त किए गए। उस सूत्र के आधार पर, सीबीआई अधिकारी पिछले साल सुबह भाजपा विधायक पार्थसारथी चट्टोपाध्याय के घर पर उपस्थित हुए। उनके साथ केंद्रीय बल भी थे। जवानों ने विधायक के घर को घेर लिया। सीबीआई अधिकारियों ने अंदर तलाशी ली।इस बार विधायक को सीबीआई दफ्तर बुलाया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एसईआर-ओएचई-टीटीए-बीएनडीएम 'ए' केबिन-2x 2 5 केवी, दिनांक: 11.11.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व रेलवे, 11, कॉन्वेंट लेन, बेलियाघाटा, कोलकाता-700015 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** 3000 एमटी के लदायी लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के गम्हरिया-कांड्रा (छोड़कर) खंड तथा रांची बाईपास लाइन सहित टाटानगर (छोड़कर)-बंडामुंडा 'ए' केबिन (सहित) के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम तक क्रमोन्नयन के लिए डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **कार्य पूरा करने की अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 24 महीना। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,95,78,16,556.44। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 99,39,100। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 90 दिन। **जिज्ञासा ग्रहण करने की अंतिम तारीख:** 04.12.2024। **पूर्व बोली बैठक:** 04.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **बोली प्रतिभूति के लिए मूल बैंक गारंटी (यदि लागू हो) को भौतिक रूप से जमा करना:** 26.12.2024। **निविदा जमा करने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** (1) जमा करने की अंतिम तारीख **27.12.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक।** (2) निविदा **27.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे** खोली जाएगी। वेबसाइट का सम्पूर्ण विवरण जहाँ निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकेगा: **www.ireps.gov.in। निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **(PR-777)**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीईएसटीई-ईटीएन-सीसीटीवी-गुड्स-पीएच-3, दिनांक 11.11.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीईएसटीई-ईटीएन-सीसीटीवी-गुड्स-पीएच-3 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख 03.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची-ए: सीनि. डीईएन (2)/हावड़ा के अधीन बर्द्धमान गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। अनुसूची-बी: सीनि. डीईएन(2)/हावड़ा के अधीन तालित गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। अनुसूची-सी: सीनि. डीईएन (4)/हावड़ा के अधीन पाकुड़ गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,44,81,680; **बयाना राशि:** रु. 3,72,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0; **निविदा अपलोडिंग की तारीख/समय:** 11.11.2024 को शाम 06.28 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 19.11.2024; **बोली लगाने की शैली:** प्रत्येक अनुसूचित मद के लिए एकल दर। **संविदा का प्रकार:** वर्क्स। **संविदा की श्रेणी:** व्यय। **बोलियों के लिए रैंकिंग क्रम:** न्यूनतम से उच्चतम। **व्यय का प्रकार:** कैपिटल (वर्क्स)। **आईपीएएस एकाउंटिंग यूनिट:** 0202-पूर्व-रेलवे-एचडब्ल्यूएच-पूर्व रेलवे।

(HWH-409/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मटियाब्रुज में जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण

- ❑ एक माह के अंदर तोड़ने का हाईकोर्ट का आदेश
- ❑ कोलकाता नगर निगम को पड़ी जज की फटकार



**कोलकाता :** कोलकाता में फिर अवैध निर्माण का मसला सामने आया। मटियाब्रुज में जमीन पर कब्जा कर पांच मंजिला आवास बनाने का आरोप है। इस घटना को लेकर जमीन मालिक ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह मामला मंगलवार को जस्टिस कौशिक चंद्रा की अदालत में आया। न्यायाधीश कौशिक चंद्रा ने मामले के फैसले में कोलकाता नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई और निर्माण ध्वस्त करने का आदेश दिया। उन्होंने एक महीने की समयसीमा तय की है। कोर्ट के सवाल के अलावा आंखों के सामने हुआ अवैध निर्माण, नगर निगम ने क्या कार्रवाई की?

नगर निगम के वार्ड नंबर 133 के मटियाबुरुज थाना अंतर्गत एन 147/सी बल्लामाताला लेन की उस जमीन के मालिक मोहम्मद अताउल्लाह हैं। कथित तौर पर, कुछ बेईमान प्रमोटरों ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया और पांच मंजिला आवास बनाया। अताउल्लाह ने दावा किया कि पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी देने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। कोई रास्ता न सूझने पर उन्होंने हाईकोर्ट में केस दायर किया।

अताउल्लाह ने कोर्ट को बताया कि जमीन का म्यूटेशन उनके नाम पर है लेकिन कुछ स्थानीय प्रमोटरों ने जमीन पर कब्जा कर लिया और अवैध पांच मंजिला आवास बनाकर बेच दिया। वादी के वकील आशीषकुमार चौधरी ने कहा कि जमीन का मालिक मोहम्मद अताउल्लाह के नाम पर म्यूटेशन हुआ है। और वह नियमित रूप से कर का भुगतान करता है लेकिन कुछ बेईमान व्यवसायियों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। जमीन मालिक कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुका है। उन्होंने नगर पालिका से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह घोर कुप्रबंधन का संकेत है। यदि कोलकाता नगर निगम ने समय पर कार्रवाई की होती, तो वादी को उच्च न्यायालय की ओर नहीं भागना पड़ता। आरोप है कि वे अवैध निर्माण के खिलाफ कोलकाता म्यूनिसिपल एक्ट 393 और 400 के तहत कार्रवाई कर सकते थे, लेकिन उन्होंने वह भी नहीं किया।

जस्टिस कौशिक चंद्रा ने कोलकाता नगर निगम से रिपोर्ट मांगी। नगर निगम के वकील ने कहा कि बिल्डरों ने मटियाबुरुज में पांच मंजिलों के निर्माण के लिए कोई अनुमति नहीं ली थी। जस्टिस कौशिक चंद्र पालटा ने पूछा कि आंखों के सामने अवैध निर्माण, नगर निगम क्या कार्रवाई कर रही है? वकील ने कहा कि नगर निगम ने जांच शुरू कर दी है।

**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन, पूर्व रेलवे, कोलकाता, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित **नवम्बर, 2024 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम** में संशोधन। हावड़ा मंडल की वर्तमान नीलामी की तारीख: 19.11.2024। **हावड़ा मंडल की संशोधित नीलामी की तारीख: 29.11.2024।** हावड़ा मंडल के साथ अन्य डिपो तथा मंडलों की अन्य सभी तिथियां अपरिवर्तित रहेंगी।

(STORES-56/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

# 'दूसरे राज्यों से हथियारों के पार्ट्स लाकर कोलकाता में बनाया जा रहा फैक्ट्री'

## सियालदह में हथियार बरामदगी मामले में बोले सीपी मनोज वर्मा

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह में हथियारों का जखीरा पकड़े जाने की घटना को पुलिस गंभीरता से ले रही है। मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही पुलिस को पता चला है कि हथियार तस्करों ने तस्करी का तरीका बदल दिया है। वे मुंगेर से तैयार हथियार की जगह उसके पार्ट्स अलग-अलग ला रहे हैं जिन्हें कोलकाता में जोड़कर आग्नेयास्त्र तैयार किया जा रहा और तस्करी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने शनिवार की शाम सियालदह में




सुरेंद्रनाथ कॉलेज के पीछे बैठकखाना रोड पर एक व्यक्ति से पांच आग्नेयास्त्र और 90 राउंड गोला बारूद जब्त किया था। पुलिस का अनुमान है कि हथियारों के विभिन्न हिस्सों को बाहर से कोलकाता लाया जा रहा है और राज्य के अन्य हिस्सों में आपूर्ति की जा रही है। उन हिस्सों को शहर में कहीं जोड़ा जा रहा है या नहीं, इसकी भी जांच शुरू हो गरी है। कोलकाता पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिए यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घटना में कौन और कौन सा गिरोह शामिल है। इस संबंध में, मंगलवार को कोलकाता पुलिस के सीपी मनोज वर्मा ने कहा कि पहले वे हथियार मुंगेर से लाते थे, अब वे पुलिस का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक हथियार को अलग-अलग हिस्सों में ला रहे हैं। यह भी जांच की जा रही है कि इसके पीछे कोई फैक्ट्री तो नहीं है। सीपी ने कहा कि न केवल कोलकाता बल्कि जिलों में भी स्थानीय सूत्रों को सक्रिय कर दिया गया है। आबादी वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। सीपी ने यह भी कहा कि जांच के लिए इससे ज्यादा कुछ कहना संभव नहीं है। इस दिन, सीपी बॉडीगार्ड लाइन पर पुलिस फुटबॉल प्रतिरोगिता में आये थे। उन्होंने यह बात वहां कही।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार के लखीसराय में महिला नक्सली गिरफ्तार

**पटना :** बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मंगलवार को लखीसराय जिले में एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। पीरी बाजार इलाके से गिरफ्तार की गई नक्सली की पहचान जमुई जिले की रहने वाली पंचू कोड़ा के रूप में हुई है। एसटीएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के अधिकारियों ने पीरी बाजार इलाके में एक परिसर में तलाशी ली और पंचू कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। मुंगेर और लखीसराय जिलों में सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ हिंसक घटनाओं में कथित भूमिका के लिए वह वांछित थी।'' बयान में कहा गया, ''मुंगेर और लखीसराय जिलों में शस्त्र अधिनियम से जुड़े कई मामलों में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। उससे पूछताछ जारी है।''

### मऊ में तेज रफतार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सिपाही की मौत

**मऊ (उप्र) :** मऊ जिला मुख्यालय के भीटी चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक सिपाही की मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिपाही अवनीश सिंह (40) देर रात बाइक से ड्यूटी से बाइक लेकर वापस अपने कमरे पर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जिले के पुलिस अधीक्षक इलामारन और अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री समेत अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने पुलिस लाइन में सिपाही अवनीश को श्रद्धांजलि दी। अत्री ने बताया कि सिपाही अवनीश सिंह ड्यूटी से वापस अपने कमरे पर जा रहे थे, इसी दौरान सड़क हादसे में उनकी मौत हो गयी। अंबेडकर नगर जिले के निवासी अवनीश सिंह की पुलिस में 2015 में भर्ती हुई थी। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कुशीनगर जिले के व्यापारी को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से मिली जान से मारने की धमकी

**गोरखपुर (उप्र) :** कुशीनगर में एक कपड़ा व्यापारी ने आरोप लगाया है कि उसे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने एक से अधिक बार जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कुशीनगर के फाजिलनगर कस्बे में कपड़े की दुकान चलाने वाले व्यवसायी दीपक रौनियार ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताते हुए धमकी दी, पुलिस तुम्हें नहीं बचा सकती। तुम्हारी सुपारी दी गई है। मैं तुम्हें खत्म कर दूंगा। अगर बचा सकते हो तो खुद को बचाने की कोशिश करो। रौनियार को चार नवंबर से कॉल आने शुरू हो गए और शनिवार रात को अलग-अलग फोन नंबरों से धमकी भरे कॉल आने लगे। पटहेरवा थाना के प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कॉल करने वाले के ठिकानों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है।

### नोएडा : पुलिस ने ट्रक में भरकर ले जाये जा रहे गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया, तीन गायें मृत मिलीं

**नोएडा(उप्र) :** नोएडा में पुलिस ने एक ट्रक में कथित रूप से भरकर ले जाए जा रहे गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया और इस वाहन में तीन गायें मृत भी पायी गयीं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक में कुल 21 गोवंशीय पशु थे, जिनमें से तीन गायें मृत मिलीं और दो गायें बेहोश पाई गयीं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुक्त कराये गये गोवंशीय पशुओं को गौशाला पहुंचाया और बेहोश गायों की चिकित्सा जांच की जा रही है। थाना बीटा (दो) प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि मंगलवार सुबह कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक ट्रक में गोवंशीय पशुओं को भर कर ले जाया जा रहा है।

# भाजपा कांग्रेस की तरह भेदभाव नहीं करती, मोदी मंत्रिमंडल में हैं 27 ओबीसी मंत्री: नड्डा



**जमुआ/बगोदर (झारखंड) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस पर पिछड़े समुदाय का विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा जाति, पंथ या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करती है। झारखंड के गिरिडीह जिले के जमुआ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में 27 ओबीसी मंत्रियों को शामिल किया। भाजपा प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और वंशवाद की राजनीति के पर्याय हैं। नड्डा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और विश्व मानचित्र पर एक सुनहरे स्थान के रूप में उभरने के बाद उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा कांग्रेस की तरह भेदभाव नहीं करती। कांग्रेस पिछड़ों का विरोध करती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में 27 ओबीसी मंत्री हैं।'' नड्डा ने कहा कि झारखंड में सत्ता में आने पर भाजपा अन्य जातियों के आरक्षण को प्रभावित किए बिना ओबीसी आरक्षण को मौजूदा 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार आदिवासियों के अधिकारों को छीनने वाली सरकार है। उन्होंने कहा, ''(मुख्यमंत्री) हेमंत सोरेन जमानत पर हैं और कभी भी जेल जा सकते हैं, ऐसी ताकतों को अलविदा कहें। राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा को वोट दें।'' सोरेन को भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। झारखंड उच्च न्यायालय ने 28 जून को उन्हें जमानत दे दी थी। नड्डा ने कहा कि अगर झारखंड में भाजपा सत्ता में आती है, तो वह 10 मेडिकल कॉलेज स्थापित करेगी, साथ ही निर्बाध परिवहन के लिए वाया रांची, वाराणसी और कोलकाता के बीच एक एक्सप्रेस-वे का निर्माण करेगी।

# झारखंड के भ्रष्ट नेताओं को उल्टा लटका देंगे, कोयले की तस्करी रोकेंगे : अमित शाह



**झरिया (झारखंड) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड में कथित भ्रष्टाचार और कोयला तस्करी के लिए झामुमो नीत गठबंधन की आलोचना करते हुए मंगलवार को राज्य के मतदाताओं से भाजपा के हाथ मजबूत करने का आग्रह किया ताकि ''भ्रष्ट नेताओं को उल्टा लटकाया जा सके।'' शाह ने यह भी घोषणा की कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में प्रत्येक घुसपैठिए की पहचान करेगी और उसे खदेड़ देगी। उन्होंने राज्य के कोयला खनन क्षेत्र झरिया में भाजपा की एक रैली में कहा, ''झारखंड में भाजपा के सत्ता में आने पर कोयले की तस्करी रोकी जाएगी...व्यापारियों को अब डरने की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में ''भाजपा की सरकार बनने के बाद जनता का पैसा लूटने वाले झारखंड के भ्रष्ट नेताओं को बख्शा नहीं जाएगा।'' शाह ने दावा किया, ''हम भ्रष्ट नेताओं को सीधा करने के लिए उन्हें उल्टा लटका देंगे।'' केंद्रीय मंत्री ने दावा किया, ''हेमंत बाबू घुसपैठियों के लिए लाल कालीन बिछाकर उनका स्वागत करते हैं। हम झारखंड में भाजपा के सत्ता में आने पर उनकी पहचान करेंगे और उन्हें राज्य से बाहर खदेड़ देंगे।'' उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं।

### वक्फ बोर्ड में बदलाव का समय आ गया है: झारखंड की रैली में अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को वक्फ बोर्ड पर कर्नाटक में मंदिरों, ग्रामीणों और अन्य लोगों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया और कहा कि अब समय आ गया है कि बोर्ड में बदलाव किया जाए और संबंधित अधिनियम में संशोधन किया जाए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कोई भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू होने से नहीं रोक सकता, जो घुसपैठियों को रोकने के लिए आवश्यक है, और उन्होंने आदिवासियों को आश्वासन दिया कि उन्हें इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा।

# कांग्रेस ने झारखंड विस चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया

## जाति सर्वेक्षण और मुफ्त बिजली का वादा

**रांची :** कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 250 यूनिट मुफ्त बिजली, जाति आधारित गणना कराने और एक साल के भीतर सभी रिक्त सरकारी पदों को भरने का वादा किया गया है। कांग्रेस की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने घोषणापत्र जारी किया। इसमें 1932 की खतियान आधारित अधिवास नीति और आदिवासियों की सरना धार्मिक संहिता के कार्यान्वयन सहित सात वादों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह घोषणापत्र राज्य की कुल 81 सीट में से 43 सीट के लिए पहले चरण में होने वाले मतदान से एक दिन पहले जारी किया गया। तिर्की ने कहा, ''घोषणापत्र में गरीबों को 250 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा किया गया है, जबकि अभी यह 200 यूनिट है। हम एक साल में सभी खाली सरकारी पदों को भर देंगे।'' उन्होंने कहा, ''झारखंड में आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए घोषणापत्र समिति ने हर जिले में चौपाल लगाई और जनता से संवाद किया। हमने यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास किया कि हमारा घोषणापत्र आम लोगों के लिए हो।''

# महाकुम्भ स्वच्छ और सुरक्षित होने के साथ ही डिजिटल भी होगा : मुख्य सचिव

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को यहां कुम्भ मेला प्राधिकरण में महाकुम्भ मेले की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि इस बार का महाकुम्भ मेला स्वच्छ और सुरक्षित होने के साथ ही डिजिटल भी होगा। मेला प्रशासन, इस बार एआई से लैस सीसीटीवी कैमरे लगा रहा है। वहीं महाकुम्भ में पहली बार 'चैटबॉट कुम्भ सहायक' विकसित किया जा रहा है। इससे श्रद्धालु 10 से अधिक भाषाओं में लिख और बोलकर सूचनाएं प्राप्त कर सकेंगे। बैठक के बाद सिंह ने संवाददाताओं को बताया, अधिकारियों को मेले से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार पिछले एक वर्ष से महाकुम्भ की तैयारी में लगी हुई है और लगभग 6,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। ये परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा, ''इस बार के मेले में सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। इसलिए साइबर सुरक्षा से लेकर भौतिक सुरक्षा तक सभी की व्यवस्था की जा रही है। महाकुम्भ 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में लगने जा रहा है जहां लगभग 40,000 पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी।'' मुख्य सचिव ने कहा, पूरे मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखा जाएगा। जहां भी अखाड़ों के शिविर होंगे.. भंडारों का आयोजन होगा, वहां दोना पत्तल आदि का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, विदेश से भी लोगों को महाकुम्भ मेले में आमंत्रित करने का काम शासन और प्रशासन द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मिलकर उन्हें आने का निमंत्रण दिया है। अब मुख्यमंत्री विदेश मंत्री से मिलेंगे जिसके बाद विभिन्न दूतावासों के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी।''

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के प्रति आगाह करते हुए परामर्श जारी किया

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस ने 'साइबर स्लेव' (गुलाम) बनाकर साइबर धोखाधड़ी के संबंध में लोगों को आगाह करते हुए परामर्श जारी किया है। साथ ही लोगों से अपील की है कि वे विदेश में रोजगार के संबंध में भी सावधानी बरतें। पुलिस मुख्यालय (साइबर अपराध शाखा) द्वारा यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध) हेमंत प्रियदर्शी ने युवाओं से आह्वान किया है कि विदेश में रोजगार के संबंध में सावधानी बरतें, विदेश मंत्रालय में पंजीकृत भर्ती एजेंट द्वारा प्रसारित भर्ती का ही हिस्सा बनें। प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राज्य मे लगातार प्रयास किये जा रहे है। रोजगार के नाम पर साइबर अपराधियों द्वारा पढ़े लिखे व तकनीकी प्रशिक्षित युवाओं को झांसा देकर दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों में आईटी क्षेत्र में रोजगार के लुभावने अवसर देकर फंसाया जा रहा हैं, जहां उन्हें ले जाकर उनके पासपोर्ट व अन्य परिचय पत्र छीनकर उन्हें बंधक के तौर पर 'साइबर स्लेव' (गुलाम) बनाकर भाषा के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जाता है। प्रियदर्शी ने बताया कि ऐसे अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय व पुलिस एजेंसिया ठोस कदम उठा रही हैं। उन्होंने आम लोगों से अपेक्षा की है कि वे विदेश में रोजगार के संबंध में सावधानी बरतें तथा विदेश मंत्रालय में पंजीकृत भर्ती एजेंट द्वारा प्रसारित भर्ती का ही हिस्सा बनें।

### अयोध्या : खालिस्तानी नेता की ओर से हमले की धमकी के बाद राम मंदिर की सुरक्षा कड़ी

**अयोध्या (उप्र) :** कनाडा में रहने वाले खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा वीडियो जारी कर हमले की धमकी मिलने के बाद मंगलवार सुबह अयोध्या में राम मंदिर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। एक कथित वीडियो संदेश में, पन्नू ने कहा कि 16-17 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर खून-खराबा होगा। इसके बाद अयोध्या प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है क्योंकि 18 नवंबर को राम मंदिर में राम विवाह उत्सव होना है। इसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की उम्मीद है। पुलिस ने कहा कि धमकी के बाद पूरी अयोध्या नगरी किले में तब्दील हो गई है। राम जन्मभूमि परिसर के आसपास सुरक्षा और मजबूत कर दी गई है। पूरे मंदिर शहर सहित राम जन्मभूमि परिसर के प्रमुख स्थानों पर आतंकवादी-रोधी दस्ते के सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आर.के. नैय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''इस सूचना के बाद हमने सुरक्षा बढ़ा दी है और मीडिया के माध्यम से खतरे की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने धमकी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा , ''अयोध्या की रक्षा हनुमानजी द्वारा की जा रही है, इसलिए कोई भी यहां पर हमला करने की हिम्मत नहीं कर सकता।'' उन्होंने कहा कि अयोध्या पहले से ही एक उच्च सुरक्षा क्षेत्र है और यहां तैनात सुरक्षाकर्मियों को आतंकवादी हमलों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। पन्नू की धमकी वाला वीडियो सामने आने के बाद एक बार फिर सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। साथ ही पूरे अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शहर की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जा रही है, जबकि खुफिया एजेंसियां और आतंकवादी विरोधी दस्ते और बम निरोधक दस्ते की कई टीम हाई अलर्ट पर हैं। पीएसी, सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों की भारी तैनाती की गई है।

### मथुरा की रिफाइनरी में लगी आग, 10 से अधिक लोग झुलसे

**मथुरा (उप्र) :** आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मथुरा की एक रिफाइनरी में मंगलवार शाम आग लगने से 10 से अधिक लोग झुलस गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, इस घटना में करीब 10 से 12 लोग झुलस गए हैं। पहले इन सभी को रिफाइनरी के ही रिफाइनरी नगर स्थित अस्पताल में ले जाया गया, जहां कुछ लोगों का तो स्थानीय स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया गया, किंतु उनमें से चार लोगों की स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उस समय जोरदार धमाके के साथ रिफाइनरी की मुख्य इकाई में आग लग गई, जब करीब डेढ़ माह काम बंद रहने के बाद इकाई को पुन: चालू किया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जोरदार धमाके के साथ भारतीय तेल निगम (आईओसीएल) के इस तेलशोधक कारखाने में आग लग गई, जिसकी लपटें कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं।

# 'योगी बनाम प्रतियोगी छात्र' हुआ माहौल, नौकरी भाजपा के एजेंडे में नहीं: अखिलेश



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ परीक्षा दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में जारी छात्र आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि माहौल 'योगी बनाम प्रतियोगी छात्र' हो गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस अधिकारी संयमित व्यवहार करें और छात्रों पर बल प्रयोग ना करें। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने मंगलवार को पूछा कि 'क्या उप्र के पास एक समय में परीक्षा कराने की बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस समेत अन्य विशिष्ट परीक्षाएं दो दिन में करानी पड़ रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हर अभ्यर्थी, हर छात्र, हर युवा की जुबान पर जो बात है वह यह है कि नौकरी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंडे में है ही नहीं। उन्होंने चलवाया लाठी-डंडा, नौकरी नहीं जिनका एजेंडा।'' अखिलेश यादव ने कहा, ''भाजपा के लोग जनता को रोजी-रोटी के संघर्ष में उलझाए रखने की राजनीति करते हैं ताकि भाजपाई सांप्रदायिक राजनीति की आड़ में भ्रष्टाचार करते रहें। सालों साल रिक्तियां या तो निकलती ही नहीं है या फिर परीक्षा की प्रक्रिया पूरी नहीं होती है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने छात्रों को पढ़ाई की मेज से उठाकर सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है।

# जयपुर : कैबिनेट मंत्री मीणा के समझाने पर टंकी से नीचे उतरे युवक

**जयपुर :** पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2021 रद्द करने की मांग को लेकर यहां पानी की एक टंकी पर चढ़े दो युवक मंगलवार को कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के समझाने और आश्वासन देने के बाद नीचे उतर आए। मीणा मंगलवार को दोपहर में हिम्मतनगर में पानी की टंकी यानी ओवरहैड टैंक के पास पहुंचे और लाउडस्पीकर से दोनों युवकों को अपना आंदोलन समाप्त कर नीचे आने को कहा। लेकिन युवकों ने कहा ''बाबा (मंत्री मीणा) आप ही ऊपर आ जाओ।'' इसके बाद मीणा ने टंकी पर चढ़कर युवकों से बात करने की इच्छा जताई। तत्काल सीढ़ी मंगवाई गई और मीना अपने दो सुरक्षाकर्मियों की मदद से टंकी की सीढ़ियों पर चढ़ गए। यह देख दोनों युवक भी थोड़ा नीचे उतरे और मीणा के पैर छुए। इसके बाद तीनों ऊपर गए, चर्चा की और आंदोलन समाप्त करने का फैसला किया। इसके बाद मीणा तथा बाकी लोगों को नीचे लाने के लिए हाइड्रोलिक मशीन बुलाई गई। युवकों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें मीणा की बातों पर भरोसा है। मंत्री ने कहा, मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि मैं उन्हें मुख्यमंत्री से मिलवाऊंगा। मैं 14 नवंबर को मुख्यमंत्री से मिलूंगा और युवकों की मांग उनके सामने रखूंगा। उल्लेखनीय है कि पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) परीक्षा-2021 को रद्द करने की मांग को लेकर लादूराम चौधरी (35) और विकास बिधूड़ी (34) रविवार दोपहर को हिम्मत नगर इलाके में एक ओवरहेड पानी की टंकी की सीढ़ी से ऊपर चढ़ गए थे।

# प्रयागराज में छात्रों ने आंदोलन के दूसरे दिन ढोल-ताशे बजाकर आवाज बुलंद की

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के 'पीसीएस-प्री' और 'आरओ-एआरओ' की परीक्षा दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में मंगलवार को आंदोलन के दूसरे दिन छात्रों ने ड्रम, ढोल-ताशे आदि बजाकर अपनी आवाज बुलंद की जिससे आयोग के भीतर बैठे अधिकारियों तक उनकी आवाज पहुंच सके। आंदोलनकारी छात्रों ने रात खुले आसमान के नीचे गुजारी और मंगलवार की सुबह से फिर से धरना प्रदर्शन में जुट गए तथा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच, एक छात्र गणेश सिंह ने बताया कि आयोग के सचिव अशोक कुमार दो बार आयोग के गेट से बाहर आए और उन्होंने आंदोलन कर रहे छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र ''एक दिन, एक परीक्षा'' की अपनी मांग पर अड़े हैं। उन्होंने कहा कि आयोग को आखिर छात्रों की मांग मानने में क्या परेशानी है। गणेश ने कहा कि पिछले 24 घंटे से छात्र लगातार संघर्ष कर रहे हैं और आयोग अपने रुख पर अड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर संघ लोक सेवा आयोग एक ही दिन में परीक्षा करा सकता है तो इस आयोग को क्यों दिक्कत आ रही है। उप्र लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''आयोग का दिशानिर्देश है कि सरकारी शिक्षण संस्थान को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए और केंद्र मुख्यालय से 10 किलोमीटर के दायरे में हो। इससे पूर्व जब पेपर लीक हुआ था तो इन्हीं छात्रों ने मांग उठाई थी कि निजी संस्थानों को परीक्षा केंद्र ना बनाया जाए।

# बलिया के प्रसिद्ध ददरी मेले का सपा सांसद और परिवहन मंत्री ने अलग-अलग किया भूमि पूजन



**बलिया (उप्र) :** महर्षि भृगु के शिष्य दर्दर मुनि के नाम पर लगने वाले बलिया के ऐतिहासिक ददरी मेले के भूमि पूजन में मंगलवार को लेकर एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में उप्र सरकार के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह और सपा सांसद सनातन पांडेय ने अलग-अलग भूमि पूजन किया। जिला मुख्यालय पर बलिया नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित ऐतिहासिक ददरी मेला के भूमि पूजन में मंगलवार को अजीबोगरीब दृश्य सामने आया। बलिया संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय ने मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम के समय भूमि पूजन कर दिया। सांसद पांडेय ने संवाददाताओं को बताया कि उन्हें पहले दोपहर में भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया गया था, फिर अपराह्न चार बजे आमंत्रित किया गया। पांडेय ने बताया कि वह निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तथा निर्धारित समय पर जब पूजन कार्यक्रम नहीं हुआ तो वह स्वयं आगे आए और भूमि पूजन कर दिया। भाजपा पर निशाना साधते हुए सांसद ने कहा कि उन्होंने मुहूर्त के मुताबिक पूजा की है। पांडेय ने कहा कि भाजपा धर्म की बात करती है, लेकिन धर्म के अनुसार कार्य नहीं करती। सपा सांसद जब कार्यक्रम स्थल से लौट गए तो परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने भी ददरी मेले का भूमि पूजन किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद, बलिया के अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल गुप्ता, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार व पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# राजस्थान उप चुनाव: सात सीट पर आज मतदान

## परिणामों पर सबकी नजर




**जयपुर :** राजस्थान में विधानसभा की सात सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान बुधवार को होगा। इन उपचुनाव के परिणाम से राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की स्थिरता पर भले ही कोई असर नहीं हो फिर भी परिणामों पर सबकी निगाह रहेगी क्योंकि कई सीट इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी हैं। राज्य की झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी, सलूंबर और रामगढ़ विधानसभा सीट पर मतदान बुधवार सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक जारी रहेगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। राज्य विधानसभा में संख्या बल को देखते हुए इन उपचुनाव के परिणामों से मौजूदा भाजपा सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, इन उपचुनाव को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के लिए बड़ी परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। वह भी ऐसे समय में जबकि लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन बहुत निराशाजनक रहा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की 25 में से 11 सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। इसके साथ ही इन उपचुनाव में कांग्रेस के साथ-साथ हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और राजकुमार रोत की भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) को भी अपने-अपने राजनीतिक गढ़ों को बचाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में विधानसभा की जिन सात सीटों पर उपचुनाव हो रहा है उनमें चार पर पहले कांग्रेस का कब्जा था जबकि एक-एक सीट भाजपा, भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के पास थी। खींवसर सीट पर भाजपा के रेवंतराम डांगा, कांग्रेस की रतन चौधरी और आरएलपी की कनिका बेनीवाल के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। कनिका, सांसद हनुमान बेनीवाल की पत्नी हैं। भाजपा ने रेवंत राम डांगा पर भरोसा जताया है जिन्होंने पिछले साल इस सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हनुमान बेनीवाल से 2059 मतों से हार गए थे। बेनीवाल के बाद में सांसद चुने जाने पर यह सीट खाली हो गई।

# ''बांग्लादेशी घुसपैठ का विमर्श'' स्थापित करने में मदद के लिए झारखंड में ईडी की छापेमारी: झामुमो

**रांची :** झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्य विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण से एक दिन पहले मंगलवार को ईडी द्वारा राज्य के कई स्थानों पर की गई छापेमारी के लिए भाजपा नीत केंद्र की आलोचना की और आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी की यह कार्रवाई ''भाजपा को बांग्लादेशी घुसपैठ का विमर्श स्थापित करने में मदद करने का एक प्रयास है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बांग्लादेशी नागरिकों की कथित अवैध घुसपैठ से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल और चुनावी राज्य झारखंड में मंगलवार को कई स्थानों पर छापे मारे। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''झारखंड में मतदान से ठीक एक दिन पहले ईडी की कार्रवाई कुछ और नहीं बल्कि एक गलत विमर्श स्थापित करने और लोगों को गुमराह करने की एक कोशिश है। यह भाजपा को चुनाव में बांग्लादेशी घुसपैठ का उसका विमर्श स्थापित करने में मदद करने का एक प्रयास भी है। भाजपा अपने अभियान में सफल नहीं होगी और चुनाव में उसे करारा जवाब मिलेगा।'' झारखंड की 81 में से 43 विधानसभा सीट पर बुधवार को पहले चरण में मतदान होगा। झामुमो नीत सरकार की सहयोगी झारखंड कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईडी की कार्रवाई ''राज्य में भाजपा का राजनीति आधार बचाने का अंतिम प्रयास'' है। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा, ''ईडी की यह छापेमारी बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए नहीं है, बल्कि राज्य में भाजपा का राजनीतिक आधार बचाने का एक अंतिम प्रयास है।'' उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता ''इन सभी चालों को समझ चुकी है और भाजपा को करारा जवाब देगी।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि झारखंड की सीमा बांग्लादेश से नहीं लगती। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, ''भाजपा शासित असम की सीमा बांग्लादेश से लगती है। इसलिए मेरा मानना है कि उन्हें झारखंड के बजाय पहले असम में छापेमारी करनी चाहिए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भाजपा द्वारा ''मतों का ध्रुवीकरण'' करने के लिए झारखंड भेजा गया था, लेकिन ''पार्टी इसमें सफल नहीं होगी।'' झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी शर्मा पार्टी के उम्मीदवारों के लिए राज्य में प्रचार कर रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### वक्फ कानून में 2013 के संशोधन से पहले वक्फ संपत्ति के कब्जाधारियों पर मुकदमा नहीं चला सकते: अदालत

**नयी दिल्ली :** केरल उच्च न्यायालय ने कहा है कि 2013 में संशोधन द्वारा शामिल की गयी वक्फ अधिनियम की धारा 52ए यह नहीं कहती कि इससे पहले वक्फ संपत्ति पर कब्जा करने वालों पर वक्फ बोर्ड की मंजूरी के बिना ऐसी भूमि को हड़पने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। न्यायमूर्ति पी.वी. कुन्हीकृष्णन ने यह टिप्पणी डाक विभाग के उन दो अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए की जिन पर वक्फ बोर्ड की अनुमति के बिना वक्फ संपत्ति को कथित रूप से हड़पने का आरोप था। केरल राज्य वक्फ बोर्ड की शिकायत पर अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू की गई। कोझिकोड में मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि डाकघर 1999 से वक्फ संपत्ति पर काम कर रहा था और अधिनियम की धारा 52ए यह नहीं दर्शाती है कि जो व्यक्ति प्रावधान शामिल किए जाने से पहले भी ऐसी भूमि पर काबिज है, उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा, अतः मेरा विचार है कि याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध अभियोजन टिकाऊ नहीं है। डाक विभाग के अधिकारियों के खिलाफ शिकायत इसलिए दर्ज की गई थी क्योंकि वक्फ न्यायाधिकरण द्वारा 2018 में उन्हें संपत्ति खाली करने का निर्देश दिए जाने के बावजूद उन्होंने संपत्ति खाली नहीं की थी।

### 18 वर्षीय युवक से 16 साल की लड़की का बाल विवाह रुकवाया गया

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में प्रशासन ने मंगलवार को देवउठनी एकादशी पर वक्त रहते हरकत में आते हुए 16 साल की लड़की का 18 वर्षीय युवक के साथ होने वाला बाल विवाह रुकवा दिया। प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिंदू मान्यताओं के मुताबिक देवउठनी एकादशी से शादी के शुभ मुहूर्तों की शुरुआत होती है। बाल विवाह के खिलाफ महिला और बाल विकास विभाग के गठित उड़नदस्ते के प्रभारी महेंद्र पाठक ने बताया कि इंदौर के निरंजनपुर क्षेत्र के 18 वर्षीय युवक की शादी पड़ोसी देवास जिले की 16 साल की लड़की से मंगलवार रात होने वाली थी। उन्होंने बताया, ‘‘हमारे नियंत्रण कक्ष पर मिली सूचना के बाद हम जब वर के घर पहुंचे, तो उसकी बारात रवाना होने की तैयारी कर रही थी। पाठक ने बताया कि देवास जिले के अफसरों से तालमेल बैठाया गया और वर-वधू के परिजनों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देकर बाल विवाह रुकवा दिया गया। देश में 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के और 18 साल से कम आयु की लड़की की शादी बाल विवाह की श्रेणी में आती है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत दोषी को दो वर्ष तक के सश्रम कारावास अथवा एक लाख रुपये तक के जुर्माने या दोनों सजाओं का प्रावधान है।

### सड़क दुर्घटना में छह छात्रों की मृत्यु, एक अन्य घायल

**देहरादून :** देहरादून में तड़के एक कार अपने आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई जिससे उसमें सवार छह छात्रों की मृत्यु हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) नीरज सेमवाल ने बताया कि यह जबरदस्त टक्कर ओएनजीसी चौक पर मध्यरात्रि के बाद करीब डेढ़ बजे हुई जब इनोवा कार पीछे से ट्रक कंटेनर में घुस गयी जिससे कार में सवार छह छात्रों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन युवक और तीन युवतियां हैं जो सभी विद्यार्थी थे और इनकी उम्र 20-25 साल के बीच है। दुर्घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिसकर्मियों को क्षतिग्रस्त कार में से शवों को निकालने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल एक अन्य छात्र की हालत गंभीर है और उसे निकटवर्ती सिनर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि जिस समय कार ट्रक कंटेनर से टकराई, उस समय वह बल्लूपुर फलाईओवर की ओर से आ रही थी। सेमवाल ने बताया कि मृतक छात्रों की पहचान कुनाल कुकरेजा (23), नव्या गोयल (23), अतुल अग्रवाल (24), कामाक्षी (20), ऋषभ जैन (24) और गुनीत (19) के रूप में हुई है।

# एमवीए है ‘अस्थिर गाड़ी’, मुख्यमंत्री पद के लिए चल रही है नूराकुश्ती: प्रधानमंत्री मोदी



**सोलापुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) को सबसे ‘अस्थिर गाड़ी’ करार देते हुए कहा यह कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती। उन्होंने इसके घटक दलों में अंदरूनी कलह होने का दावा करते हुए कहा कि इनके बीच मुख्यमंत्री पद के लिए नूराकुश्ती भी चल रही है। राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोलापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ‘‘आप सब देख रहे हैं कि आघाडी में कैसे भगदड़ मची हुई है। अभी से आघाडी में मुख्यमंत्री पद के लिए खींचतान, नूराकुश्ती चल रही है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘एक पार्टी पूरे दिन अपने नेता को मुख्यमंत्री बताने में लगी रहती है। दूसरी पार्टी और कांग्रेस वाले उनकी दावेदारी खारिज करने में लगे रहते हैं। चुनाव से पहले जिनका ये हाल है, वो आघाडी वाले महाराष्ट्र को कभी भी स्थिर सरकार नहीं दे सकते।’’ प्रधानमंत्री ने कहा कि ये एमवीए वाले जिस गाड़ी पर चल रहे हैं, वह ऐसी गाड़ी है जिसमें न पहिये हैं और ना ही ब्रेक है। उन्होंने कहा, ‘‘कौन चलाएगा इसके लिए मारामारी है। आघाडी सबसे अस्थिर गाड़ी है, ये लोग आपस में ही झगड़ा करने में समय बर्बाद कर देते हैं।’’ उन्होंने कहा, ‘‘जिनकी हालत चुनाव से पहले ऐसी है, वे कभी महाराष्ट्र को स्थिर सरकार नहीं दे सकते।’’ उन्होंने कहा कि दशकों तक कांग्रेस ने देश पर शासन किया लेकिन कई मुद्दों को अनसुलझा छोड़ दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘‘उन्होंने लोगों को विभिन्न समस्याओं में व्यस्त रखा। यह उनकी विशिष्ट कार्य संस्कृति बन गई है।’’

### कांग्रेस पाकिस्तान की भाषा बोल रही : अनुच्छेद-370 पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

**पुणे :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 को बहाल करने की मांग करके पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ’’अनुच्छेद-370 को कोई वापस नहीं ला सकता। हमने इसे जमीन में गहराई में दफन कर दिया है।’’ उन्होंने कहा कि देश कभी अनुच्छेद-370 की बहाली की मांग का समर्थन नहीं करेगा। मोदी ने कहा, ’’कांग्रेस ने अनुच्छेद-370 को फिर से लागू करने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया है। जो लोग देश को संविधान की प्रति दिखा रहे हैं और महाराष्ट्र में कोरी किताबें बांट रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्होंने (कांग्रेस) देश पर छह-सात दशक तक शासन किया, लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर का बनाया संविधान पूरे भारत में लागू क्यों नहीं किया गया?’’

## आबकारी नीति घोटाला : केजरीवाल की समन को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी से जवाब तलब

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को जारी समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने आपराधिक मामले में मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार किया और कहा कि केजरीवाल ने निचली अदालत के जिस आदेश को चुनौती दी है, वह दो महीने पुराना है न कि कोई नया आदेश है। उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें मामले में एजेंसी द्वारा दर्ज शिकायत पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री को जारी समन को चुनौती दी गई है। केजरीवाल के वकील ने इस आधार पर शिकायत के गुण-दोष पर सवाल उठाया कि समन एक अधिकारी द्वारा जारी किया गया था, जबकि शिकायत किसी अन्य अधिकारी द्वारा दर्ज करायी गयी थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक सत्र अदालत के 17 सितंबर के आदेश को चुनौती दी है जिसमें समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गयी थी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने याचिका के गुण-दोष पर प्रारंभिक आपत्ति जतायी। उन्होंने दलील दी कि केजरीवाल की याचिका दूसरी पुनरीक्षण याचिका है, जो दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 की आड़ में दायर की गई है और यह कानून में वर्जित है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, नक्सलवाद को खत्म कर दिया है, अनुच्छेद 370 वापस नहीं आएगा : अमित शाह




**मुंबई :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया कर दिया है और घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को कभी बहाल नहीं किया जाएगा। महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 20 नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले मुंबई के घाटकोपर इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी के लिए कश्मीर का मुद्दा राजनीतिक सत्ता से ज्यादा उनके दिल के करीब है। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति, जिसमें भाजपा एक प्रमुख घटक है, के लिए प्रचार करते हुए सभा में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त कर दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगस्त 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा निष्प्रभावी किया गया अनुच्छेद 370 कभी बहाल नहीं किया जाएगा। कांग्रेस जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सहयोगी है, जो जम्मू-कश्मीर में सरकार का नेतृत्व कर रही है।

## भारत का वैश्विक ड्रोन केंद्र बनने का है लक्ष्य : राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत का ड्रोन विनिर्माण के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनने का लक्ष्य है क्योंकि नयी प्रौद्योगिकियां युद्धकला की अवधारणा में बुनियादी बदलाव ला रही हैं। एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए ‘अनुकूलनकारी रक्षा’ दृष्टिकोण तैयार कर रही है। उसे विस्तार से सामने रखते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ‘अनुकूलनकारी रक्षा’ का तात्पर्य महज यह नहीं है जो कुछ हुआ, उसपर कार्रवाई करना है बल्कि यह भी है कि इस बात का अनुमान लगाया जाए कि क्या हो सकता है और फिर उस हिसाब से बढ़-चढ़कर तैयारी करना है। उन्होंने कहा, ‘‘ संक्षेप में, इसमें अप्रत्याशित और बदलती परिस्थितियों के आलोक में अनुकूलनकारी, नवोन्मेषी और उन्नति करने की मानसिकता एवं क्षमता विकसित करना शामिल है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘ परिस्थितिजन्य जागरूकता, रणनीतिक और सामरिक स्तरों पर लचीलापन, स्फूर्ति और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकरण अनुकूलनकारी रक्षा को समझने और उसे बनाने की कुंजी हैं।’’ रक्षा मंत्री ने कहा कि ‘अनुकूलनकारी रक्षा’ भारत की सामरिक संरचनाओं और संचालनगत जवाबी कार्रवाई का ‘मंत्र’ होना चाहिए। उन्होंने ‘अनुकूलनकारी रक्षा’ को केवल सामरिक विकल्प ही नहीं बल्कि उसे जरूरत बताया। उन्होंने कहा, ‘‘ जिस प्रकार से हमारे देश के सामने खतरे उभरकर सामने आये हैं, उसी के हिसाब से हमारी रक्षा प्रणालियां और रणनीतियां भी होनी ही चाहिए। हमें सभी भावी आकस्मिक स्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। यह महज सीमाओं की रक्षा करने से भी अधिक है, यह हमारे भविष्य को सुरक्षित रखना है।’’

## ईडी ने भारत में अवैध रूप से रह रहे चीनी व्यक्ति की चार करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने भारत में अवैध रूप से रह रहे एक चीनी नागरिक और उसके सहयोगी के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चार करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने कहा कि चीनी नागरिक का सहयोगी कथित तौर पर जुआ, वेश्यावृत्ति और चीन के लोगों के लिए गुप्त क्लब बनाने जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। उसने बताया कि यह जांच जू फेई नामक चीनी व्यक्ति से संबंधित है, जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने सबसे पहले नोएडा में मामला दर्ज किया था। जांच एजेंसी के मुताबिक, कुर्क की गई संपत्ति 3.12 करोड़ रुपये की बैंक और सावधि जमा राशि के अलावा पंजाब के मोहाली में एसएएस नगर स्थित 60 लाख रुपये की एक अचल संपत्ति (आवासीय फ्लैट) के रूप में है, जो जू के करीबी सहयोगी रवि नटवरलाल ठक्कर के लाभकारी स्वामित्व में है। संपत्ति को कुर्क करने के लिए ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया था। जून में इस मामले में ईडी ने 13.51 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। ईडी ने कहा कि चीनी नागरिक भारत में अवैध रूप से रह रहा था और वह ठक्कर व अन्य लोगों के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लकिन क्लब प्राइवेट लिमिटेड और तियानशांग रेनजियन प्राइवेट लिमिटेड नामक दो होटल व क्लब का संचालन कर रहा था।

## दिल्ली में हर दूसरे दिन व्यापारियों को जबरन वसूली के लिए धमकी

**300 दिन में 160 ऐसे कॉल आए**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में इस साल अक्टूबर तक व्यापारियों से जबरन वसूली के लिए उन्हें 160 कॉल आई हैं यानी हर दूसरे दिन किसी व्यापारी को जबरन वसूली के लिए धमकाया गया है। पुलिस के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इनमें से अधिकांश कॉल विदेशी गैंगस्टर या उनके सहयोगियों द्वारा ‘वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल’ (वीओआईपी) या फिर अंतरराष्ट्रीय फोन नंबरों से की गई हैं। उन्होंने बताया कि भवन निर्माताओं, प्रॉपर्टी डीलर, जौहरी, मिठाई की दुकानों और कार शोरूम के मालिकों को खासतौर पर जबरन वसूली के लिए फोन किया गया है। एक सूत्र ने बताया कि इस साल अक्टूबर तक (करीब 300 दिन में) व्यापारियों को जबरन वसूली के लिए करीब 160 कॉल की गई हैं। सूत्र के अनुसार कुछ मामलों में ऐसा हुआ है कि कॉल के बाद निशाना बनाए गए व्यक्ति के घर या कार्यालय के बाहर गोलीबारी की गई है। दिल्ली में पिछले सप्ताह मात्र चार दिन में सात ऐसे मामले सामने आए, जिनमें कुख्यात अपराधियों ने एक जौहरी, जिम मालिक, प्रॉपर्टी डीलर, मिठाई की दुकान के मालिक और एक मोटर वर्कशॉप के मालिक को निशाना बनाया है।

## एमवीए गठबंधन महाराष्ट्र को ‘लव और भूमि जिहाद’ का अड्डा बना रहा, ‘एक हैं तो सेफ हैं’: योगी



**अमरावती (महाराष्ट्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू एकजुटता पर जोर देते हुए अपने पहले के नारे ‘बटेंगे तो कटेंगे’ के साथ जोड़ते हुए ‘एक हैं तो सेफ हैं’ नारे पर जोर दिया। आदित्यनाथ ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अमरावती के अचलपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) पर महाराष्ट्र को ‘‘लव जिहाद और भूमि जिहाद’’ का अड्डा बनाने का आरोप लगाया और आगाह किया कि राज्य को (ऐसे कृत्यों के लिए) ‘‘प्रयोगशाला’’ नहीं बनना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और एमवीए गठबंधन के बीच विरोधाभास का उल्लेख किया। एमवीए में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। भारत के ऐतिहासिक विभाजन का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ‘‘क्योंकि आप बंटे थे, इसलिए यह देश विभाजित हुआ और हिंदुओं को इसलिए मारा गया क्योंकि वे बंटे थे। इसलिए मैं आपसे कहने आया हूं: बंटिए मत। एक हैं तो सेफ हैं।’’ उन्होंने अयोध्या मुद्दे का भी जिक्र करते हुए कहा कि हिंदुओं को 500 साल तक अपमान सहना पड़ा क्योंकि वे बंटे थे।

# भाजपा ने जितना पैसा अरबपति मित्रों को दिया, उससे अधिक ‘इंडिया’ महिलाओं, किसानों को देगा : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा ने अपने ‘‘अरबपति मित्रों’’ को जितना पैसा दिया है, उससे अधिक पैसा ‘इंडिया’ गठबंधन महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को देगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस गठबंधन ने महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनकी सम्मान राशि बढ़ाकर 2,500 रुपये करने का फैसला किया है। राहुल गांधी ने झारखंड में 13 नवंबर का होने जा रहे पहले चरण के विधानसभा चुनाव से पहले यह बात दोहरायी है। राहुल गांधी ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, ‘‘झारखंड की माताओं-बहनों के खातों में कल मईया सम्मान योजना की चौथी किश्त खटाखट-खटाखट चली गई। यह योजना महिलाओं को महंगाई से लड़ने और स्वाभिमान के साथ जीवन जीने में विशेष रूप से मदद कर रही है। इसीलिए हमने इसके तहत मिलने वाली राशि को और बढ़ाने का निर्णय लिया है।’’ उन्होंने लिखा, ‘‘दिसंबर 2024 से इस योजना के तहत झारखंड की महिलाओं को 2,500 रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। इस योजना का लाभ 53 लाख महिलाओं को मिल रहा है।’’ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ‘‘मैंने पहले भी कहा था और फिर दोहरा रहा हूं - भाजपा ने जितना पैसा अपने अरबपति मित्रों को दिया है उससे ज़्यादा ‘इंडिया’ (गठबंधन) महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को उनकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए देगा।’’ झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में हो रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन 81 सदस्यीय सदन में अपनी सत्ता (बहुमत) बचाने की जद्दोजेहद में लगा है, जबकि भाजपा उसे सत्ता से बेदखल करने की जीतोड़ कोशिश कर रही है।

### भाजपा सोयाबीन, कपास के उचित दाम नहीं देती, किसान निराश : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के सोयाबीन और कपास किसान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की ‘‘किसान विरोधी’’ नीतियों के कारण हताश और निराश हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि राज्य में विपक्षी गठबंधन ‘महा विकास आघाडी’(एमवीए) की सरकार बनने के बाद उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। गांधी ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर जारी पोस्ट में कहा, ‘‘सोयाबीन की कीमतें 2021 में 10,000 रुपये तक थीं लेकिन अब किसान एमएसपी से भी कम दाम में बेचने को मजबूर हैं। सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4,892 रुपये है लेकिन किसानों को 4,200 रुपये के आसपास या उससे भी कम पर बेचना पड़ रहा है।

## पंकज त्रिपाठी को मध्यप्रदेश पर्यटन का चेहरा बनाया गया



**नयी दिल्ली :** हिंदी सिनेमा के अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि मध्यप्रदेश के पर्यटन का चेहरा बनाए जाने पर वह बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। फिल्म ‘स्त्री’ हो या ‘ओह माय गॉड 2’ रही हो, पंकज त्रिपाठी ने मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर शूटिंग की है। अभिनेता ने कहा कि उन्हें यात्रा की शक्ति पर भरोसा है क्योंकि यह दिमाग को खोलती है और जीवन को समृद्ध बनाती है। वह राज्य की सुंदरता को दुनिया के सामने पेश करने में मदद करने के लिए उत्साहित हैं। त्रिपाठी ने एक बयान में कहा, ‘‘मध्यप्रदेश पर्यटन का चेहरा चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मध्यप्रदेश मेरे लिए सिर्फ एक गंतव्य नहीं है बल्कि यह एक ऐसी जगह है जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक रूप से अनगिनत यादें और संबंध समेटे हुए है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘ फिल्म ‘स्त्री’, ‘स्त्री 2’, ‘लुका छुपी’, ‘ओह माई गॉड 2’ और ‘लूडो’ जैसी फिल्मों की शूटिंग के लिए यहां काफी समय बिताने के बाद मैंने मध्य प्रदेश की मनोरम प्राकृतिक छटा, लोगों की गर्मजोशी और अद्वितीय सांस्कृतिक समृद्धि सीधे तौर पर अनुभव किया है।’’ त्रिपाठी ने कहा कि अछूते प्राकृतिक आश्चर्यों से लेकर भव्य वास्तुशिल्प स्थलों और जीवंत वन्य जीवन तक, मध्यप्रदेश में हर यात्री के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा, ‘‘मैंने हमेशा विदेश यात्रा करने के बजाय भारत के अपने खजाने की खोज करना पसंद किया है और मध्यप्रदेश वास्तव में देश में घूमने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है।

## न्यूज अपडेट

### जी-77 और चीन ने नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर मसौदा पाठ की रूपरेखा को अस्वीकार किया

**नयी दिल्ली :** संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में लगभग 130 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े समूह जी-77 और चीन ने नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर वार्ता के मसौदा पाठ की रूपरेखा को अस्वीकार कर दिया है। यह इस वर्ष अजरबैजान के बाकू में होने वाले जलवायु शिखर सम्मेलन का केंद्रीय मुद्दा है। मंगलवार को जी-77 और चीन ने इस रूपरेखा को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह नए जलवायु वित्त लक्ष्य के लिए विकासशील देशों द्वारा दिए गए सुझावों को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करता है। विकासशील देशों के अन्य समूहों ने इस अस्वीकृति में जी-77 और चीन का समर्थन किया। इनमें समान विचारधारा वाले विकासशील देश (एलएमडीसी), लघु द्वीपीय विकासशील देशों का गठबंधन (एओएसआईएस), अल्प विकसित देश (एलडीसी) तथा लैटिन अमेरिका और कैरिबियन का स्वतंत्र गठबंधन (एआईएलएसी) शामिल हैं। जी-77 और चीन ने मांग की कि नया जलवायु वित्त पैकेज उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करे, जिसकी न्यूनतम राशि 1.3 हजार अरब अमेरिकी डॉलर हो।

### इंदौर के 68 वर्षीय व्यक्ति ने दुनिया भर से जुटाए 550 से ज्यादा दुर्लभ टाइपराइटर

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) के मौजूदा दौर में टाइपराइटर पर काम करना पुराने जमाने की बात हो गई है, लेकिन इंदौर के राजेश शर्मा (68) के लिए अतीत की यह मशीन उनकी सबसे कीमती मिल्कियत की तरह है। शहर में एक विज्ञापन एजेंसी चलाने वाले शर्मा ने अपने घर में टाइपराइटर का संग्रहालय-सा बना रखा है जिसमें अलग-अलग तरह के करीब 570 टाइपराइटर हैं। इनमें हिन्दी, मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सरीखी भारतीय भाषाओं के साथ ही अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, रूसी, जापानी, अरबी और अन्य विदेशी भाषाओं के की-बोर्ड वाले टाइपराइटर शामिल हैं। शर्मा ने मंगलवार को ‘‘पीटीआई-भाषा’’ को बताया, ‘‘मैंने पिछले 12 साल में देश-विदेश के लगभग 570 टाइपराइटर जमा किए हैं। इनमें से कई टाइपराइटर मैंने कबाड़ियों से खरीदे हैं। मेरे बारे में जानने के बाद देश-विदेश के लोगों ने मुझे 125 टाइपराइटर मुझे बिना किसी पुराने परिचय के उपहार में भेजे हैं।’’

### भारत और नेपाल के बीच वार्षिक सीमा वार्ता इस हफ्ते काठमांडू में होगी

**नयी दिल्ली :** भारत और नेपाल इस हफ्ते के अंत में काठमांडू में अपनी वार्षिक सीमा वार्ता करेंगे, जिसमें सीमा पार अपराधों पर लगाम लगाने और खुफिया सूचनाओं को समय पर साझा करने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल 16-18 नवंबर के बीच नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए काठमांडू की यात्रा करेगा। यह भारत और नेपाल के बीच वार्षिक सीमा वार्ता का आठवां संस्करण होगा।

### ट्रेन में यात्री ने माचिस से भरे थैले पर रखा पैर, डिब्बे में लगी आग

**नयी दिल्ली :** एक रेलगाड़ी के डिब्बे में इस सप्ताह घर्षण के कारण उस समय आग लग गई जब एक व्यक्ति ने गलती से एक साथी यात्री के थैले पर पैर रख दिया जिसमें माचिस और ज्वलनशील वस्तुएं थीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना 10 नवंबर की सुबह ऊंचाहार एक्सप्रेस में इटावा स्टेशन के पास घटी, जब व्यक्ति बीच वाली बर्थ से उतर रहा था। राजकीय रेलवे पुलिस ने थैले के मालिक के खिलाफ माचिस और ज्वलनशील वस्तुओं जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ यात्रा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन रविवार सुबह इटावा पहुंची और करीब 10 मिनट बाद जब वह चलने लगी तो कुछ यात्रियों ने चेन खींचकर उसे रोक दिया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, एस-4 डिब्बे में बर्थ संख्या 49 से 53 के बीच आग लगने की सूचना मिली थी और जब तक रेलवे सुरक्षा बल, स्टेशन मास्टर और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, यात्रियों ने ट्रेन में मौजूद रेलवे कर्मचारियों और आग बुझाने वाले यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया था। जब स्थिति पर काबू पा लिया गया, तब यात्रियों ने हमें आग लगने के कारण की जानकारी दी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने कहा, घटना की जांच शुरू कर दी गई है ताकि पता लगाया जा सके कि व्यक्ति कौन सी वस्तु ले जा रहा था।

## इसरो पर खर्च किए गए हर एक रुपये पर समाज को 2.50 रुपये वापस मिले : एस सोमनाथ



**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि इसरो ने यह पता लगाने के लिए हाल ही में एक अध्ययन किया था कि अंतरिक्ष एजेंसी में निवेश की गई धनराशि से समाज को कोई फायदा हुआ है या नहीं। उन्होंने बताया कि अध्ययन में पाया गया कि इसरो पर खर्च किए गए हर एक रुपये पर समाज को 2.50 रुपये वापस मिले। सोमनाथ ने कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी (केआरईआईएस) के छात्रों के साथ एक संवाद सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। इस सत्र का आयोजन कर्नाटक सरकार के समाज कल्याण विभाग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने किया था। सोमनाथ के मुताबिक, ‘‘इसरो का लक्ष्य अंतरिक्ष क्षेत्र में सक्रिय देशों के साथ वर्चस्व की लड़ाई में शामिल होने के बजाय देश की सेवा करना है। ऐसा करने के लिए इसरो को वह करने की आजादी चाहिए, जो वह करना चाहता है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में व्यावसायिक अवसरों के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र कायम कर यह स्वतंत्रता हासिल की जा सकती है। सोमनाथ ने कहा, चंद्रमा से जुड़े अभियान काफी महंगे होते हैं। और हम वित्त पोषण के लिए केवल सरकार पर निर्भर नहीं रह सकते। हमें व्यावसायिक अवसर पैदा करने होंगे।

